खबर है...

दिनदहाड़े ईंट से वार कर व्यक्ति की हत्या

यमुनानगर (हप्र) : यमुनानगर के संतपुरा गुरुद्वारा साहिब रोड पर बुधवार को दिनदहाड़े भगवानगढ़ निवासी 50 वर्षीय शिव कुमार की अज्ञात बाइक सवार युवक ने सिर पर ईंट से हमला कर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शिव कुमार अपनी कार से उतरकर पैदल जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार बाइक पर आए एक युवक ने अचानक उनके सिर पर ईंट से जोरदार वार कर दिया। हमले से शिव कुमार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी और उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि मृतक के परिजनों के अनुसार शिव कुमार की किसी से कोई रंजिश नहीं थी। ऐसे में हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों ने जल्द आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

महिला की करंट से मौत, प्रताड़ना का आरोप

पानीपत (हप्र) : गांव नोहरा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में करंट लगने से मौत हो गई। मायका पक्ष ने ससुराल वालों पर बच्चे नहीं होने को लेकर मानसिक रूप से परेशान करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका मीना घर में सफाई कर रही थी। इसी दौरान उसने पंखा हटाने का प्रयास किया तो उसे करंट लग गया और पंखा उसके ऊपर गिर गया। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता जयसिंह निवासी बिंझौल ने बताया कि मीना की शादी करीब पांच साल पहले नोहरा निवासी सतीश से हुई थी। आरोप है कि बाद में ससुराल पक्ष उसे बच्चे नहीं होने के कारण ताने देने लगा और परेशान करता था। वहीं ससुराल पक्ष ने आरोपों से इनकार किया है। मडलौडा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है।

'8 को प्रयागराज में गूंजेगी छात्रों की आवाज'

कैथल (हप्र) : कांग्रेस कमेटी कैथल जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड ने कहा कि



रामचंद्र गुर्जर

देश के युवा रोजगार, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और बेहतर शिक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और लंबित भर्तियों से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि इन मुद्दों को लेकर 8 अगस्त को प्रयागराज में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी छात्रों से संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का संदेश 'जॉब नहीं मिलेगा, तो सिंहासन हिलेगा' युवाओं की आवाज और रोजगार की मांग का प्रतीक है। गुर्जर ने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं का समाधान करने में विफल रही है। उन्होंने छात्रों, युवाओं और अभिभावकों से कार्यक्रम में अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल में लगायी विज्ञान प्रदर्शनी

यमुनानगर (हप्र) : न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल, यमुनानगर में विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। प्रदर्शनी में छात्रों ने अल्ट्रासोनिक रडार सिस्टम, ग्रीन एनर्जी, सोलर एवं विंड एनर्जी, वॉटर फिल्ट्रेशन, ड्रोन, भूकंप डिटेक्टर, स्मार्ट सिटी, ऑटोमेटिक इरिगेशन सिस्टम, रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक व्हीकल, डीएनए संरचना तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़े आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए। इन मॉडलों ने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच और समस्या समाधान क्षमता को प्रदर्शित किया। प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि खोज, प्रयोग और तार्किक सोच का माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रदर्शनी विद्यार्थियों में अनुसंधान और नवाचार की भावना विकसित करती हैं। विद्यालय के चेयरमैन जी.एस. शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और कौशल का विकास करना है।

मारकंडा नदी में पहुंचा 14 हजार 294 क्यूसिक पानी

शाहाबाद मारकंडा (निस) : पहाड़ों में हो रही बरसात के कारण मंगलवार सायं को मारकंडा नदी में करीब 14 हजार 294 क्यूसिक पानी आ गया। नदी के पानी की मार साथ लगते गांवों में हुई और गांवों की सड़कों पर नदी का पानी बहने लगा। गेज रीडर रविंद्र ने बताया कि मुलाना में 16 हजार 157 तथा कालाअंब में 6200 क्यूसिक पानी बह रहा है। पहाड़ों पर बरसात न होने के कारण अब पानी आने की उम्मीद नहीं है। यदि पहाड़ों पर बरसात होती है तो पानी आ सकता है। दूसरी ओर इतनी ज्यादा मात्रा में पानी आ जाने से इसकी मार नदी के साथ लगते डेरों, निचाई वाले खेतों तथा गांव कठवा में हुई है। गांव कठवा में फसलें जलमग्न हो गई हैं और सड़कों पर पानी बह रहा है।

होली मदर स्कूल के दो खिलाड़ियों का चयन

यमुनानगर (हप्र) : होली मदर पब्लिक स्कूल के वुशु और कुश्ती प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले दो खिलाड़ियों का चयन एसजीएफआई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। कक्षा 11 के छात्र प्रिंस ने राजकीय विद्यालय मिलक सुती में आयोजित अंडर-56 किलोग्राम वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं, कक्षा 8 के छात्र विहान ने तेजली स्टेडियम में आयोजित अंडर-35 किलोग्राम कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विद्यालय चेयरमैन जी.एस. शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. मोनिका शर्मा ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

पारदर्शी व्यवस्था से युवाओं का सरकार पर बढ़ा भरोसा : अरविंद शर्मा

समालखा, 5 अगस्त (निस)



हरियाणा के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सुशासन, पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित कर रहा है। प्रदेश में सरकारी नौकरियां अब सिफारिश या भ्रष्टाचार से नहीं, बल्कि योग्यता और मेरिट के आधार पर मिल रही हैं, जिससे युवाओं का सरकार पर विश्वास मजबूत हुआ है।

बुधवार को समालखा विधानसभा क्षेत्र के बापौली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा कि पहले सरकारी नौकरियों को लेकर युवाओं में निराशा रहती थी, लेकिन अब मेहनती और प्रतिभाशाली युवाओं को उनकी क्षमता के अनुसार अवसर मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के गांव-गांव से युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सरकारी सेवाओं में चयनित हो रहे हैं।

डॉ. अरविंद शर्मा मार्केट कमेटी बापौली के पूर्व चेयरमैन डॉ. धर्मवीर शर्मा के पिता स्वर्गीय देवी राम शर्मा की श्रद्धांजलि सभा (सत्तरवीं कार्यक्रम) में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

इसके बाद मंत्री भाजपा बापौली मंडल के पूर्व अध्यक्ष एवं सरपंच पति शिवकुमार रावल के आवास पर पहुंचे, जहां उनकी माता के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिवार को सांत्वना देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस अवसर पर प्रधान प्रीतम रावल, सरपंच वजीर देसवाल, विनोद रावल, राजेश शर्मा, नक्षत्र शर्मा, डॉ. सतबीर आट्टा, डॉ. धर्मवीर शर्मा, शिवकुमार रावल, सत्यवान शर्मा, कृष्ण नन्हेड़ा, सुरेंद्र शर्मा सनोली सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने महेंद्र सीड़ा के निधन पर जताया शोक

गुहला चीका (निस) : इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने बुधवार को जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव प्रो. रणधीर सिंह चीका के आवास पर पहुंचकर उनके बहनोई स्वर्गीय महेंद्र सिंह सीड़ा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार को सांत्वना एवं हौसला दिया। इस अवसर पर भान सिंह हरिगढ़, गुरमुख सिंह, चरण सिंह भी उपस्थित रहे।

किसान यूनियन की बैठक में समस्याओं पर मंथन

घरौंडा, 5 अगस्त (निस)

भारतीय किसान यूनियन ब्लॉक घरौंडा की बैठक गांव गुढ़ा में आयोजित हुई, जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी बलबीर सिंह दहिया ने की। इस दौरान भाकियू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य और जिला प्रधान चौधरी जय सिंह मौजूद रहे।

सेवा सिंह आर्य ने कहा कि सरकारें किसानों की समस्याओं की अनदेखी कर रही हैं। किसानों को फसलों का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। बैठक में किसानों ने कर्जमाफी, उत्तरी हरियाणा में नियमित नहरी पानी की व्यवस्था, केसीसी ब्याज में अनियमितताओं को दूर करने और सब्सिडी राशि खातों में डालने की मांग की। इसके अलावा टोल प्लाजा के 20 किलोमीटर दायरे के गांवों को टोल फ्री करने, खेतों की निशानदेही सरकारी फीस पर कराने, किसान सम्मान निधि बढ़ाने और फसल बीमा योजना को पारदर्शी बनाने की मांग भी उठाई गई।

अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : अर्चना गुप्ता




पानीपत में संतों का स्वागत करतीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता। -वाप्र

पानीपत, 5 अगस्त (वाप्र)

भाजपा हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने यह बात पानीपत स्थित अपने आवास पर बेगमपुर गद्दी से पहुंचे परम पूज्य महंत राजीव दास जी महाराज, महंत मीना जी महाराज और इंदिरा कॉलोनी से आए जगरूप जी महाराज के स्वागत एवं अभिनंदन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि संत-महापुरुषों का आशीर्वाद समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है और उनके विचार मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने समाज को जाति-पाति और भेदभाव से ऊपर उठकर कर्म, चरित्र और अच्छे विचारों के आधार पर जीवन जीने की प्रेरणा दी। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार संत रविदास जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उनकी 650वीं जयंती को सामाजिक समरसता अभियान के रूप में मना रही है।

महिला पतंजलि योग समिति ने मनाया जड़ी-बूटी दिवस



नरवाना के नेहरू पार्क में जड़ी-बूटी दिवस पर साधिकाएं व महिला पतंजलि योग समिति पदाधिकारी। -निस

नरवाना, 5 अगस्त (निस)

पतंजलि योग समिति नरवाना और महिला पतंजलि योग समिति की ओर से आचार्य बालकृष्ण का जन्म दिवस जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेहरू पार्क और छोटू राम पार्क में योग, पौधारोपण और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

महिला पतंजलि योग समिति जींद की प्रभारी सुमन रानी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आंवला, एलोवेरा, तुलसी, गिलोय, नीम, कढ़ी पत्ता सहित अनेक औषधीय पौधों का रोपण किया गया और लोगों को निशुल्क पौधे वितरित किए गए। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि इन पौधों का उपयोग आयुर्वेदिक उपचार में महत्वपूर्ण है और इनके संरक्षण से स्वस्थ वातावरण का निर्माण होता है।

छोटू राम पार्क में योग शिक्षक रामकुमार ने साधकों को योगासन करवाए। इसके बाद पतंजलि योग समिति प्रभारी जयकिशन पांचाल और डॉ. धूप सिंह मलिक ने पौधों के महत्व और उपयोग की जानकारी दी। इस दौरान मोरिंगा, सहजन, जामुन, हरसिंगार सहित कई पौधे लगाए गए।

कार्यक्रम में रिछपाल शर्मा, रामकुमार नैन, मुनीष गुप्ता, सुशील गर्ग, राजेश जांगड़ा सहित अनेक साधक मौजूद रहे। समिति की ओर से पिछले छह वर्षों से छोटू राम पार्क में निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने योग और आयुर्वेद को अपनाने का संकल्प लिया।

औषधीय पौधों के संरक्षण का दिया संदेश

मुस्तफाबाद (निस) : आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस के अवसर पर पतंजलि योग समिति की ओर से जड़ी-बूटी दिवस मनाया गया। इस दौरान समिति के ब्लॉक प्रधान अनिल गोयल ने प्रकृति संरक्षण और आयुर्वेद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से औषधीय पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। अनिल गोयल ने लोगों से अपने घरों, आंगनों और आसपास अधिक से अधिक औषधीय पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान आचार्य बालकृष्ण को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु और यशस्वी जीवन की कामना की गई। इस अवसर पर इंद्र धवन, यादविंदर, संगीता अग्रवाल, कामिनी बक्शी तथा प्रवीन शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस मौके पर पौधों का वितरण भी किया गया।

गुरु रविदास कलश वंदन यात्रा का पंचायत समिति चेयरपर्सन ने किया स्वागत

इन्द्री, 5 अगस्त (निस)

गुरु रविदास जी के 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनकी जन्मस्थली काशी से आई पवित्र कलश वंदन यात्रा उपमंडल के गांव कलरी जागीर, गढ़ीबीरबल, धनौरा जागीर, कलरी नन्हेड़ा सहित अनेक गांवों में पहुंची। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, जयघोष एवं पुष्पवर्षा से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

कलरी जागीर में पंचायत समिति चेयरपर्सन उषा कटारिया और समाजसेवी बलिन्द्र कटारिया ने कलश यात्रा का स्वागत करते हुए कहा कि काशी से लाया गया पवित्र कलश आस्था और भारतीय परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक यात्राएं समाज में एकता, भाईचारा, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करती हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोडने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि जागीर सिंह, भाजपा नेता संजय शर्मा, संजय काम्बोज, रमन सैनी, अमित सिंहमार, रविंद्र त्यागी, राजबीर कश्यप, संजय खुखनी, रोहित कलरी जागीर ने यात्रा में शामिल होकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

गुरु रविदास के जयकारों से गूंजा साहा चौक

बराड़ा (निस) : गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व को समर्पित कलश वंदन यात्रा बुधवार को मुलाना विधानसभा क्षेत्र में पहुंची जहां साहा चौका पर विधानसभा के भारी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर साहा चौक श्री गुरु रविदास जी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। संत शिरोमणि गुरू रविदास समरसता संकल्प अभियान के जिला सहसंयोजक एवं मुलाना विधानसभा संयोजक सतप्रकाश बिंजलपुर ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद कलश यात्रा अम्बाला पहुंची, जहां गुरु रविदास मंदिर में यह कलश रखवाए गए हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष मनदीप राणा, जिला संयोजक राजेश बतौरा, महामंत्री गोल्डी सैनी, विवेक गुप्ता, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रिचा पाहवा, डिंपल राणा बराड़ा मंडल अध्यक्ष, डॉ. कुलदीप सिंह भी मौजूद रहे।

पंजाब नैशनल बैंक भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच निकट रेड क्रास धर्मशाला, कांगड़ा (हि.प्र.) फोन नं. 01892-223102, E-mail: cs8220@pnb.bank.in

चल/अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 के नियम 8(6) की व्यवस्थाओं के साथ पढ़े जाने वाले सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फायनेंशियल एस्सेट्स एंड इनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के अनुरूप अचल प्रॉपर्टी की बिक्री करने हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। सर्वसाधारण तथा विशेष तौर पर कर्जदारों एवं गारंटरों को विधिवत सूचित किया जाता है कि सुरक्षित क्रेडिटर के पास गिरवी रखी/चार्ज्ड निम्न वर्णित अचल प्रॉपर्टी को सुरक्षित क्रेडिटर/बैंक के अधिकृत अधिकारी द्वारा कंस्ट्रक्टिव/सिम्बोलिक/फिजिकल कब्जे में लेते हुए कर्जदारों तथा गारंटरों से सुरक्षित क्रेडिटर की देय राशि की वसूली करने हेतु निम्न वर्णित तिथि को ''यथा स्थान'', ''यथा स्थिति'', ''जिस भी हाल में है'' आधार पर बेचा जायेगा। आरक्षित कीमत तथा धरोहर राशि जमा को निम्न तालिका में क्रमशः पृथक रूप में दर्शाया गया है।

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाते का विवरण / कर्जदार/गारंटर खाते का नाम व पता	सुरक्षित परिसंपत्ति का शैड्यूल — अचल प्रॉपर्टी का विवरण (गिरवी रखी/मालिक का नाम) (गिरवी रखी प्रापर्टियां)	ए) सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस की तिथि बी) बकाया राशि सी) सरफेसी एक्ट, 2002 की धारा 13 (4) के तहत कब्जा सूचना की तिथि डी) कब्जे का स्वरूप (सिम्बोलिक/ फिजिकल/ कंस्ट्रक्टिव)	ए) आरक्षित मूल्य बी) धरोहर राशि सी) बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि/समय / सुरक्षित क्रेडिटर को ज्ञात ऋणभार का विवरण
1.	पीएनबी कंडवारी संपर्क नंबर 98165-28620 / श्री सुखविन्द्र सिंह सोनी पुत्र हरजिन्द्र सिंह, / श्री सुखविन्द्र सिंह सोनी पुत्र हरजिन्द्र सिंह, वार्ड नं.-8, कुकैना (783) तारागढ़, तहसील बैजनाथ कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश-176081 श्री राजेश कुमार पुत्र श्री बसन्त राम, वार्ड नं. 2, तहसील पालमपुर, भरमट, उपरली (228), बनूड़ी कांगड़ा, पालमपुर, हिमाचल प्रदेश-176061 (गारंटर)।	खाता संख्या 86, खतौनी संख्या 198, खसरा संख्या 958/114 से युक्त कुल भूमि का पंजी. बंधक, जिसका क्षेत्रफल 00-03-62 हेक्टेयर है, मोहाल कुकैना मौजा अवेरी, तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश में जमाबंदी वर्ष 2010-2011 के अनुसार स्थित है, जिस पर निर्माण और अधिरचना के साथ-साथ सभी प्रकार के ईजमेंट अधिकार, जिसमें फिक्सचर और फर्नीचर शामिल हैं, सुखविंदर सिंह पुत्र कुलवंत सिंह उर्फ हरजिंदर सिंह के स्वामित्व में है।	A) 16.07.2024. B) Rs. 14,37,952.00 as on 31.05.2024 plus future interest, costs and charges incurred by the bank thereon W.E.F 31.05.2024 C) 18.10.2024. D)SYMBOLIC	A) Rs. 17.16 Lakh B) Rs. 1.72 Lakh C) Rs. 1.00 Lakh	Date 24.08.2026 Time 10.00 AM to 04.00 PM / Not Known
2.	पीएनबी कांगड़ा संपर्क नंबर 70177-28171 / श्री सुमन कुमार उर्फ श्री सुमन कुमार मल्होत्रा पुत्र श्री रवि चंद / श्री सुमन कुमार उर्फ श्री सुमन कुमार मल्होत्रा पुत्र श्री रवि चन्द वार्ड नं. 4, कांगड़ा, जिला कांगड़ा, हि.प्र.,पिन-176001 **(कर्जदार स्व. श्री रवि चन्द तथा सह-कर्जदार स्व. श्रीमती बिमला देवी का कानूनी वारिस) तथा गारंटर** श्रीमती शारुल पुत्री श्रीमती किरण पुत्री श्री रवि चन्द, वार्ड नं. 4, कांगड़ा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) पिन-176001 **(सह-कर्जदार स्व. श्रीमती किरण कुमारी की कानूनी वारिस),** श्रीमती पारुल पुत्री श्रीमती किरण पुत्री श्री रवि चन्द वार्ड नं. 4, कांगड़ा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) पिन-176001 **(सह- कर्जदार स्व. श्रीमती किरण कुमारी की कानूनी वारिस)।**	भूमि की रजिस्टर्ड मार्टगेज माप 211.10 वर्ग मीटर शामिल खाता नं. 21, खतौनी नं. 35, खसरा नं. 1481/969, 1434/970, किता 2 कुल भूमि माप 211.10 वर्ग मीटर, स्थिति अप- मोहल गुप्त गंगा, मौजा उज्जैन, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.) स्वामित्व श्री रवि चन्द पुत्र श्री लशकरी राम पुत्र श्री चुन्नी लाल मार्फत जमाबंदी वर्ष 2009-2010, उक्त पर निर्मित भवन/सुपर स्ट्रक्चर आदि सहित with all rights of easements of all kinds appurtenant thereto.	A) 04.09.2024. B) Rs. 11,16,127.06 as on 04.09.2024 plus future interest, costs and charges incurred by the bank thereon W.E.F 31.08.2024 C) 31.01.2025. D) SYMBOLIC	A) Rs. 27.00 Lakh B) Rs. 2.70 Lakh C) Rs. 1.00 Lakh	Date 24.08.2026 Time 10.00 AM to 04.00 PM / Not Known

बिक्री निम्नांकित शर्तों तथा दि सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 में वर्णित शर्तों तथा प्रतिबंधों पर आधारित होगी। 1. प्रापर्टी को **"यथा स्थान" "यथा स्थिति" तथा "जिस भी हाल में है"** आधार पर बेचा जा रहा है। 2. उक्त शैडयूल में वर्णित सुरक्षित परिसम्पत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के संपूर्ण संज्ञान में है, परंतु अधिकृत अधिकारी की इस उद्‌घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, भूल-चूक या गलत स्टेटमेंट के विषय में कोई भी जिम्मेवारी नहीं होगी। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री 24.08.2026 को पूर्वा. 10.00 से वेबसाइट पर प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। **https://baanknet.com** 4. बिक्री की विस्तृत शर्तों तथा प्रतिबंधों हेतु कृपया संदर्भ लें - **https://baanknet.in, www.pnbindia.in**

दिनांक 05.08.2026
स्थान : धर्मशाला
DI-11220
हस्ता./- अधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, सुरक्षित क्रेडिटर।

pnb पंजाब नेशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक!

एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच (एआरएमबी) चंडीगढ़, एससीओ 60-61, फर्स्ट फ्लोर, बैंक स्क्वेयर सेक्टर-17 बी, चंडीगढ़, पिन 160017 Email: cs8214@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना

सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात भार का विवरण : ज्ञात नहीं

'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002' के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, जिसे सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पढ़ा जाए।

आम जनता और विशेष रूप से ऋणकर्ता(ओं) और जमानतदाता (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति (यां) जो सुरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/रेहन/प्रभारित है, जिसका प्रतीकात्मक/रचनात्मक/भौतिक (जो भी लागू हो) कब्जा बैंक/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, संबंधित ऋणकर्ता (ओं) और जमानतदाता (ओं) से बैंक/सुरक्षित ऋणदाता को देय राशि की वसूली हेतु नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **''जहां है जैसी है'' ''जो है जैसी है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित अनुसार होंगी।

सुरक्षित परिसम्पत्ति का शैड्यूल

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋण लेने वाले/ गारंटर के नाम और पते	गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का विवरण और स्वामी/ गिरवीदारों के नाम	डिमांड नोटिस की तिथि / बकाया राशि / कब्जा तिथि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि और समय
	शाखा : एआरएमबी सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़ / **मै. शिवालिक आटोमोबाइल्स** / **मैसर्स शिवालिक आटोमोबाइल्स** इसके मालिक माध्यम से **श्री राजेश कुमार,** एससीओ 1020 रामनगर सामने लछमन सिंह एच.पी. पेट्रोल पंप कालका, जिला पंचकूला-133304, **श्री राजेश कुमार (मालिक)** एच. नं. 29 ए, ब्लॉक नंबर 2 धरमपुर कॉलोनी, पिंजौर, जिला पंचकूला-134104, **श्रीमती अनुराधा (गारंटर)** मकान नंबर 29 ए, ब्लॉक नंबर 2, धरमपुर कॉलोनी, पिंजौर, जिला पंचकूला-134104	**1.** ग्राम धनकौर आबादी सुभाष नगर (बलदेव नगर), अम्बाला शहर में स्थित 210.83 व. गज माप वाला आवासीय भूमि प्लॉट संख्या 104, विक्रय विलेख संख्या 934/1 दिनांक 24.05.2007 के अंतर्गत भी **श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अजमेर सिंह** के स्वामित्व में पंजीकृत है। **टिप्पणी :** मूल्यांकक राज कुमार जांगरा की दिनांक 23.07.2026 की रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वायु सेना स्टेशन की अधिसूचना संख्या CCP(NCR)/AMB/FDP/2012/2916, दिनांकः- 06.09.2012 के अनुसार निर्माण निषेध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।	21.04.2017 / **Rs. 2,53,02,857.45** including costs plus future Interest w.e.f. 01.03.2017 and Charges, Less Recovery if any / 23.06.2017 / SYMBOLICL POSSESSION	RP: Rs. 11,00,000/- / EMD: Rs. 1,10,000/- / Bid increase amount Rs. 11,000/-	24.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.
		2. आवासीय भूमि प्लॉट संख्या 107, क्षेत्रफल 207 वर्ग गज, ग्राम धनकौर, आबादी सुभाष नगर (बलदेव नगर), अंबाला शहर में स्थित है, विक्रय विलेख संख्या 708/1 दिनांक 11.05.2007 के अंतर्गत **श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अजमेर सिंह** के स्वामित्व में पंजीकृत है। **टिप्पणी :** मूल्यांकक राज कुमार जांगरा की दिनांक 23.07.2026 की रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वायु सेना स्टेशन की अधिसूचना संख्या CCP(NCR)/AMB/FDP/2012/2916, दिनांकः- 06.09.2012 के अनुसार निर्माण निषेध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।		RP: Rs. 10,00,000/- / EMD: Rs. 1,00,000/- / Bid increase amount Rs. 10,000/-	24.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.
		3. ग्राम धनकौर, आबादी सुभाष नगर (बलदेव नगर), अंबाला शहर में स्थित आवासीय भूमि प्लॉट संख्या 112, जिसका क्षेत्रफल 222.75 वर्ग गज है, विक्रय विलेख 701/1 दिनांक 11.05.2007 के अंतर्गत निम्न के स्वामित्व में पंजीकृत है। **श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अजमेर सिंह।** **टिप्पणी :** मूल्यांकक राज कुमार जांगरा की दिनांक 23.07.2026 की रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वायु सेना स्टेशन की अधिसूचना संख्या CCP(NCR)/AMB/FDP/2012/2916, दिनांकः- 06.09.2012 के अनुसार निर्माण निषेध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।		RP: Rs. 11,00,000/- / EMD: Rs. 1,10,000/- / Bid increase amount Rs. 11,000/-	24.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.
	4. ग्राम धनकौर आबादी सुभाष नगर (बलदेव नगर), अम्बाला शहर में स्थित भूमि प्लॉट माप 855 विक्रय विलेख संख्या 2614/1 दिनांक 11.08.2007 के अंतर्गत भी **श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अजमेर सिंह** के स्वामित्व में पंजीकृत है। **टिप्पणी :** मूल्यांकक राज कुमार जांगरा की दिनांक 23.07.2026 की रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वायु सेना स्टेशन की अधिसूचना संख्या CCP(NCR)/AMB/FDP/2012/2916, दिनांकः- 06.09.2012 के अनुसार निर्माण निषेध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।			RP: Rs. 36,00,000/- / EMD: Rs. 3,60,000/- / Bid increase amount Rs. 36,000/-	24.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.
	5. ग्राम धनकौर आबादी सुभाष नगर (बलदेव नगर), अम्बाला शहर में स्थित आवासीय भूमि प्लॉट संख्या 102, विक्रय विलेख संख्या 707 दिनांक 11.05.2007 के अंतर्गत **श्री राजेश कुमार पुत्र श्री अजमेर सिंह** के स्वामित्व में पंजीकृत है। **टिप्पणी :** मूल्यांकक राज कुमार जांगरा की दिनांक 23.07.2026 की रिपोर्ट के अनुसार, यह क्षेत्र वायु सेना स्टेशन की अधिसूचना संख्या CCP(NCR)/AMB/FDP/2012/2916, दिनांकः- 06.09.2012 के अनुसार निर्माण निषेध क्षेत्र के अंतर्गत आता है।			RP: Rs. 10,00,000/- / EMD: Rs. 1,00,000/- / Bid increase amount Rs. 10,000/-	24.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.

दिनांक : 03.08.2026
स्थान : चंडीगढ़
अधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, एआरएमबी, चंडीगढ़।

लॉट नं.	शाखा का नाम / खाते का नाम / ऋण लेने वाले/ गारंटर के नाम और पते	गिरवी रखी गई अचल संपत्ति का विवरण और स्वामी/ गिरवीदारों के नाम	डिमांड नोटिस की तिथि / बकाया राशि / कब्जा तिथि / कब्जे की प्रकृति	आरक्षित मूल्य / बयाना राशि जमा (ईएमडी) / बोली वृद्धि राशि	ई-नीलामी की तिथि और समय
2.	**शाखा : एआरएमबी, सेक्टर 17-बी, चंडीगढ़** / **मै. रडेस्को (RDESCO) एग्रो फूड्स** / **मै. रेडिस्को (RDESCO) एग्रो फूड्स,** जिसकी मालिक श्रीमती **अनुपम गर्ग, पंजीकृत कार्यालय :** फ्लैट संख्या सी-42, चौथी मंजिल, उप्पल मार्बल आर्च, मनीमाजरा, चंडीगढ़ पिन-160101, **कार्यस्थल :** फोकल प्वाइंट के सामने, वीपीओ बल्लुआना, मलोट रोड, अबोहर (पंजाब)-152117, **श्री राम दयाल गर्ग पुत्र श्री मनोहर लाल (गारंटर)** निवासी : फ्लैट संख्या सी-42, चौथी मंजिल, उप्पल मार्बल आर्च, मनीमाजरा, चंडीगढ़ पिन-160101, **श्री उमेश गर्ग पुत्र श्री राम दयाल गर्ग (गारंटर)** निवासी : फ्लैट संख्या सी-42, चौथी मंजिल, उप्पल मार्बल आर्च, मनीमाजरा, चंडीगढ़ पिन-160101	**फैक्ट्री की जमीन और इमारत का क्षेत्रफल 29 कनाल 16 मरला है, जैसा कि विवरण में दिया गया है।** (1) भूमि का माप 22 कनाल 02 मरला जो रकबा संख्या 129 किला संख्या 4/1(7-14), 7/2 (7-1), 8 (7-7) खेवट संख्या 264 खतौनी संख्या 403 में शामिल है और (2) वर्ष 2020-21 की जमाबंदी के अनुसार खेवट संख्या 958 में शामिल कुल 8 कनाल 00 मरला भूमि का 126/131 भाग, 7 कनाल 14 मरला भूमि, जो राजस्व क्षेत्र के भीतर स्थित है। ग्राम बल्लुआना, तहसील अबोहर की संपत्ति, विक्रय विलेख संख्या 4186 दिनांक 10.09.2008 के अनुसार श्रीमती अनुपम गर्ग पत्नी श्री राम दयाल गर्ग के नाम पर (दिनांक 04.12.2025 को विनोद कुमार बेरी द्वारा किए गए एनईसी के अनुसार, भूमि क्षेत्र 29 कनाल 15.89 मरला) **बैंक को ज्ञात किसी भी भार का विवरण, जिसके लिए संपत्ति उत्तरदायी है :** गौतम शर्मा बनाम रमेश चंद्र और अन्य के नाम से दायर सीएस संख्या 356/2024 जिला फाजिल्का के अबोहर स्थित एसीजे (एसडी) की अदालत में लंबित है। डीआरटी एसए 338/2024 मैसर्स रडेस्को (RDESCO) एग्रो बनाम पीएनबी, डीआरटी 2, चंडीगढ़	a) Date of 13(2): 21.09.2021 b) Rs. 9,07,59,401.37 plus further interest w.e.f. 01.09.2021 plus costs incurred, less recovery, if any c) Date of 13(4): 27.01.2022 d) Nature of Possession: Physical Date: 06.08.2024	RP: Rs. 2,37,52,000/- / EMD: Rs. 23,75,200/- / Bid increase amount Rs. 2,50,000/-	27.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.
		जमाबंदी वर्ष 2010-2011 के अनुसार, रेक्ट संख्या 103 किला संख्या 21/1/2 (0-14) 22/2/1(2-9), रेक्ट संख्या 125 किला संख्या 2/1 (8-0) 3/1/1(0-12), खेवट संख्या 391, खतौनी संख्या 614 में स्थित, 11 कनाल और 1 मरला भूमि एवं भवन। (वर्ष 2015-16 की जमाबंदी के अनुसार नया खेवट क्रमांक 396, खतौनी क्रमांक 614) और पूर्व में विशु कंबोज की संपत्ति, पश्चिम में रमा दयाल, उत्तर में मलोट रोड और दक्षिण में रमा दयाल की संपत्ति से घिरी हुई यह संपत्ति, ग्राम बल्लुआना, तहसील अबोहर में स्थित है और श्री उमेश गर्ग के स्वामित्व में है। इसका हस्तांतरण विलेख क्रमांक 4876 दिनांक 16.03.2016 को उप-पंजीयक अबोहर में पंजीकृत है। (पहले यह 11के 15एम था। रेक्ट नंबर 103 किला नंबर 21/1/2/1 (0-14) में शामिल 00 कनाल 14 मरला भूमि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा अधिगृहीत कर ली है।) **बैंक को ज्ञात किसी भी भार का विवरण, जिसके लिए संपत्ति उत्तरदायी है :** गौतम शर्मा बनाम रमेश चंद्र और अन्य के नाम से दायर सीएस संख्या 356/2024 जिला फाजिल्का के अबोहर स्थित एसीजे (एसडी) की अदालत में लंबित है। डीआरटी एसए 338/2024 मैसर्स रडेस्को (RDESCO) एग्रो बनाम पीएनबी, डीआरटी 2, चंडीगढ़।		RP: Rs. 1,22,14,000/- / EMD: Rs. 12,21,400/- / Bid increase amount Rs. 1,50,000/-	27.08.2026 11:00 AM to 4:00 P.M.

(उपरोक्त संपत्तियों/परिसंपत्तियों पर लागू होने वाला जीएसटी, यदि कोई हो, सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा)

टिप्पणी : सभी संपत्तियों के लिए संपर्क करें : PUNJAB NATIONAL BANK, AUTHORIZED OFFICER: SH. N. P. SINGH, CHIEF MANAGER, ARMB, CHANDIGARH, MOB. NO. 8872042230

ई-नीलामी बिक्री की शर्तें एवं प्रतिबंध :
बिक्री निम्नांकित शर्तों तथा दि सिक्योरिटी इंट्रस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्ज, 2002 में वर्णित शर्तों तथा प्रतिबंधों पर आधारित होगी।
1. प्रापर्टी को "यथा स्थान" "यथा स्थिति" तथा "जिस भी हाल में है" आधार पर बेचा जा रहा है।
2. उक्त शैडयूल में वर्णित सुरक्षित परिसम्पत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी के संपूर्ण संज्ञान में है, परंतु अधिकृत अधिकारी की इस उद्‌घोषणा में किसी भी प्रकार की त्रुटि, भूल-चूक या गलत स्टेटमेंट के विषय में कोई भी जिम्मेवारी नहीं होगी।
3. नीलामी बिक्री ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी- **https://baanknet.com**
4. बिक्री की विस्तृत शर्तों तथा प्रतिबंधों हेतु कृपया संदर्भ लें - **https://baanknet.com** तथा **www.pnbindia.in**

सरफीसी एक्ट, 2002 के नियम 8(6) अधीन वैधानिक बिक्री सूचना

दिनांक : 05.08.2026
स्थान : चंडीगढ़
DI-11200
अधिकृत अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक, एआरएमबी, चंडीगढ़।